<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**20 अप्रैल** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन विधेयक पारित नहीं होने देने पर विपक्ष पर किया तीखा हमला। कहा– विपक्षी दलों द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध अक्षम्य पाप।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 29 अप्रैल को हरदोई में प्रस्तावित कार्यक्रम में गंगा एक्सप्रेस–वे का करेंगे लोकार्पण। प्रदेश की कनेक्टिविटी को मिलेगी रफ्तार।
3. तकनीकी समिति की रिपोर्ट आने तक प्रदेश भर में स्मार्ट मीटर पर तत्काल प्रभाव से लगी रोक। जीरो बैलेंस पर भी जारी रहेगी विद्युत आपूर्ति।
4. शासन ने बीती रात चालीस आईएएस अधिकारियों का किया तबादला। पंद्रह जिलों के जिलाधिकारी बदले गये।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन विधेयक पारित नहीं होने देने पर विपक्ष पर तीखा हमला बोला। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन द्वारा किया गया यह कृत्य न केवल नारी सम्मान के खिलाफ है, बल्कि "अक्षम्य पाप" है, जिसके लिए देश की नारी शक्ति उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। श्री योगी ने इसे लोकतंत्र और महिला सम्मान, दोनों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह आचरण विपक्ष की नारी–विरोधी मानसिकता को उजागर करता है।

**पूरा उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री मोदी जी के साथ खड़ा है। उनका आभार व्यक्त करता है, उनका अभिनंदन करता है। उनके इस प्रयास की सराहना भी करता है और इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की नारी शक्ति के मन में जो आक्रोश है कांग्रेस और इंडी गठबंधन के प्रति, उनके कृत्यों के प्रति उस आक्रोश में पूरा एनडीए एकजुट होकर के उत्तर प्रदेश की आधी आबादी के साथ खड़ा है। यह लगातार धरना प्रदर्शन आंदोलन प्रारंभ हुए हैं। लोकतांत्रिक तरीके से सारे कार्यक्रम चल रहे हैं। कांग्रेस को, समाजवादी पार्टी को और इंडी गठबंधन के अन्य दलों को अपनी इस कृत्य के लिए माफी मांगनी चाहिए। उनका यह कृत्य अक्षम्य है।**

पत्रकार वार्ता के दौरान केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भी नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्षी दलों पर निशाना साधा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत लखनऊ में आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा उत्तर प्रदेश' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी गौरवशाली सनातन विरासत और आधुनिक विकास के नए युग में एक साथ आगे बढ़ रहा है।

**पूरा देश भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में अपनी गौरवशाली विरासत के साथ साथ आधुनिक विकास के नए युग में प्रवेश किया है। एक हजार वर्ष के बाद जब हम देखते हैं तो भारत की सनातन आस्था पूरी मजबूती के साथ दुनिया के अंदर कदम से कदम मिलाकर के आगे बढ़ रही है। लेकिन आक्रांताओं का कोई नामो निशान इस धरती पर नहीं बचा हुआ है।**

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत बलरामपुर और फर्रूखाबाद सहित प्रदेश के कई जिलों में श्रद्धालुओं का दल निःशुल्क सोमनाथ मंदिर दर्शन यात्रा पर रवाना हुआ।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कल लखनऊ में भारतीय प्रशासनिक सेवा–आईएएस दो हजार चौबीस बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प के साथ कर्तव्यों के निर्वहन का आह्वान किया। इस दौरान श्री योगी ने जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी उनतीस अप्रैल को हरदोई में प्रस्तावित कार्यक्रम में गंगा एक्सप्रेस–वे का लोकार्पण करेंगे। इससे प्रदेश की कनेक्टिविटी को रफ्तार मिलेगी। एक रिपोर्ट–

**गंगा एक्सप्रेस–वे की कुल लंबाई 594 किलोमीटर है, जो मेरठ के बिजौली गांव से शुरू होकर प्रयागराज के जुडापुर दांदू गांव के पास समाप्त होगा। यह मार्ग पश्चिमी उत्तर प्रदेश को सीधे पूर्वी हिस्से से जोड़ते हुए प्रदेश के आर्थिक और सामाजिक ताने–बाने को मजबूत करेगा और यात्रा को तेज, सुरक्षित और सुगम बनाएगा। इस एक्सप्रेस–वे से मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, सम्भल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज जैसे 12 प्रमुख जिलों को सीधा लाभ मिलेगा। इन जिलों के 519 गांव इस परियोजना से जुड़े हैं। दीपाली सिंह आकाशवाणी समाचार लखनऊ।**

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने देश भर में सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। न्यायालय ने कहा कि प्रशासनिक चूक या बुनियादी ढांचे की कमी के कारण एक्सप्रेस–वे खतरे का गलियारा नहीं बनना चाहिए। न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और ए.एस. चंदुरकर की पीठ ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को राजमार्गों पर सुरक्षा में सुधार के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया।

**********

प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने तकनीकी समिति की रिपोर्ट आने तक पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर में बदलने की प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का निर्देश दिया है। कल लखनऊ में आयोजित समीक्षा बैठक में श्री शर्मा बताया कि उपभोक्ताओं को समय पर जानकारी उपलब्ध कराने के लिए 5–स्तरीय एसएमएस अलर्ट प्रणाली लागू की जाएगी। ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ने निर्देश दिया कि जहां भी बिजली के स्मार्ट मीटर लगाये गए हैं, वहां लगभग पैंतालीस दिन तक किसी भी उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। इसके साथ ही जीरो बैलेंस पर भी बिजली आपूर्ति जारी रहेगी।

**********

प्रदेश में बीती रात शासन ने चालीस आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिये। जारी तबादला सूची के अनुसार पंद्रह जिलों के जिलाधिकारी बदल दिये गये हैं। प्रतीक्षारत आईएएस अधिकारी आशुतोष निरंजन को परिवहन आयुक्त बनाया गया है। वहीं, परिवहन आयुक्त किंजल सिंह को माध्यमिक शिक्षा विभाग में सचिव पद की जिम्मेदारी दी गयी है। झांसी, सुल्तानपुर, बुलंदशहर, श्रावस्ती, शामली, सहारनपुर, अमरोहा, हमीरपुर, रायबरेली, फतेहपुर, उन्नाव, लखीमपुर खिरी, मैनपुरी, औरेया और आगरा में नये जिलाधिकारी तैनात किये गये हैं। हापुड़, बदायूं, बहराईच, अमेठी और झांसी के मुख्य विकास अधिकारी भी बदल दिये गये हैं। शासन द्वारा दुर्गा शक्ति नागपाल को देवीपाटन मंडल के मंडलायुक्त पद पर तैनाती दी गयी है।

**********

केन्द्र सरकार ने कहा कि घरेलू एल पी जी सिलेंडर की आपूर्ति बुकिंग की तुलना में सामान्य है। तेल और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ देशभर में कार्रवाई जारी है। वहीं, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने बताया कि भारतीय ध्वज वाला तेल टेंकर देश गरिमा सुरक्षित रूप से होर्मुज जल–डमरू–मध्य को पार कर गया है। इसके बुधवार को मुंबई पहुंचने की संभावना है।

**********

उत्तराखंड के गंगोत्री और यमुनोत्री धामों के कपाट कल अक्षय तृतीया के अवसर पर वैदिक मंत्रों और धार्मिक उल्लास के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इसी के साथ चार धाम यात्रा का भी औपचारिक रूप से शुभारंभ हो गया। कपाट खुलने के साथ ही क्षेत्र में आर्थिक और सामाजिक गतिविधियां भी तेज हो जाती हैं क्योंकि स्थानीय लोगों की आजीविका  काफी हद तक चार धाम यात्रा पर निर्भर रहती है।

**********

इंडियन प्रीमियर लीग–दो हजार छब्बीस में कल हुए दूसरे मुकाबले में पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को चौवन रनों से हरा दिया। न्यू पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब किंग्स की टीम ने निर्धारित बीस ओवरों में सात विकेट पर दो सौ पचपन रनों का लक्ष्य रखा। इस विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम पांच विकेट खोकर दो सौ रन ही बना सकी।

**********

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि चार–पांच दिनों के दौरान प्रदेश के लगभग सभी जिलों में लू चलने और दिन का तापमान चालीस डिग्री से अधिक रहने की संभावना है।

**प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तापमान चालीस क्रॉस कर गया है। यूपी में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चार दिनों के लिए लू का अलर्ट है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में पांच दिनों के लिए लू का अलर्ट है। तो कुल मिलाकर कहें तो चार से पांच दिन गर्मी का असर उत्तर प्रदेश में बरकरार रहेगा।**

**********